

## WHISPERS IN THE CORRIDORS.COM

डॉ. सुरेश मेहरोत्रा

नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत

राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

### राजनीतिक

- **क्या यूपी में ओबीसी मुख्यमंत्री होगा**

दिल्ली से संकेत मिल रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में किसी ओबीसी को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। क्या योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री रहते यह संभव हो पाएगा

- **क्या हरियाणा में भाजपा बिना किसी गठबंधन के चुनाव लड़ेगी**

इस बार हरियाणा में भाजपा कमल के साथ ही विधानसभा चुनाव लड़ेगी। पार्टी का किसी अन्य राजनीतिक दल से गठबंधन होने की संभावना नहीं है।

### प्रशासनिक

- **प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नीति आयोग का पुनर्गठन**

राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (नीति) आयोग का पुनर्गठन इस प्रकार किया गया है: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके अध्यक्ष होंगे, जबकि सुमन के बेरी को उपाध्यक्ष बनाया गया है और पूर्णकालिक सदस्य हैं: वीके सारस्वत, प्रोफेसर रमेश चंद, डॉ वीके पॉल और अरविंद विरमानी। इसके अलावा, पदेन सदस्य हैं: राजनाथ सिंह, अमित शाह, शिवराज सिंह और श्रीमती निर्मला सीतारमण। इसी तरह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा, एचडी कुमारस्वामी, जीतन राम मांझी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, डॉ वीरेंद्र कुमार, किंजरापु राममोहन नायडू, जुएल ओराम, श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, चिराग पासवान और राव इंद्रजीत सिंह विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

- **सीएसआईआर के महानिदेशक-सह-डीएसआईआर के सचिव के रूप में डॉ एन कलैसेलवी का कार्यकाल बढ़ाया**

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के महानिदेशक–सह–सचिव, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीजी, सीएसआईआर–सह–सचिव, डीएसआईआर) के रूप में डॉ एन कलैसेलवी का कार्यकाल 7 अगस्त, 2024 से आगे दो वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है।



- **न्यायमूर्ति आर महादेवन सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त**

मद्रास उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर महादेवन को सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

- **न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त**



जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति नोंगमईकापम कोटिश्वर सिंह को सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

- **ओपी चौधरी मूल कैडर में लौटे**

पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संयुक्त सचिव ओपी चौधरी को उनके मूल कैडर में समय से पहले प्रत्यावर्तन दिया गया है, ताकि वे कैडर में पदोन्नति का लाभ उठा सकें। वे मध्य प्रदेश कैडर के 1989 बैच के आईएफओएस अधिकारी हैं।



- **एके रवि कृष्ण मूल कैडर में लौटे**

इंटेलिजेंस ब्यूरो के उप निदेशक एके रवि कृष्ण को उनके मूल कैडर में वापस भेज दिया गया है। वह 2006 बैच के आंध्र प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव मनोज सौनिक अब महारेरा के अध्यक्ष होंगे**

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव मनोज सौनिक को महाराष्ट्र रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (महा रेरा) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे महाराष्ट्र कैडर के 1987 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं।

- **पीएच महेश नारायण एनआईए के एसपी नियुक्त**

पी.एच. महेश नारायण को पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर एनआईए का एसपी नियुक्त किया गया है। वह मणिपुर कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।



- **आलोक कुमार को समय से पहले मूल कैडर में वापस भेजा गया**

सीआईएसएफ के आईजी आलोक कुमार को समय से पहले उनके मूल कैडर यानी एजीएमयूटी में वापस भेज दिया गया है। वह एजीएमयूटी कैडर के 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **बिस्वजीत कुमार सिंह को जम्मू-कश्मीर का पीसीसीएफ और एचओएफएफ नियुक्त किया गया**

आयुष मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत बिस्वजीत कुमार सिंह को एजीएमयूटी कैडर के जम्मू और कश्मीर खंड के पीसीसीएफ और एचओएफएफ के रूप में नियुक्त किया गया है। वह एजीएमयूटी कैडर के 1989 बैच के आईएफओएस अधिकारी हैं।

- **न्यायमूर्ति डी कृष्णकुमार मद्रास उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त**

न्यायमूर्ति डी कृष्णकुमार, न्यायाधीश, मद्रास उच्च न्यायालय को, न्यायमूर्ति आर महादेवन, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, मद्रास उच्च न्यायालय को, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किए जाने के परिणामस्वरूप, उस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय के कर्तव्यों का पालन करने के लिए नियुक्त किया गया है।

- **न्यायमूर्ति ताशी रबस्तान जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया**

जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति ताशी रबस्तान को वर्तमान न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत होने के परिणामस्वरूप उस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय के कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए नियुक्त किया गया है।

- **एनबीएस राजपूत मूल कैडर में वापस लौटे**

प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के संयुक्त सचिव एनबीएस राजपूत को उनके मूल कैडर में पदोन्नति का लाभ उठाने के लिए समय से पहले प्रत्यावर्तन दिया गया है।

# मंडी शुल्क न्यूनतम होने के बाद भी मंडियों से राजस्व संग्रह में हुई बढ़ोतरी सराहनीय : मुख्यमंत्री

लखनऊ,



**अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 170वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मंडी शुल्क को न्यूनतम करने के बाद भी राजस्व से संग्रह में मंडियों का अच्छा योगदान है।**

वित्तीय वर्ष 2022–23 में 1553 करोड़ और 2023–24 में लगभग 1862 करोड़ की आय हुई। वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में लगभग 400 करोड़ का राजस्व संग्रहीत हो चुका है। मंडी शुल्क न्यूनतम होने के बाद भी मंडियों से राजस्व संग्रह में हुई बढ़ोतरी सराहनीय है। यह राजस्व किसानों के हित में ही व्यय किया जाए। उन्होंने कहा कि मंडी किसानों के लिए है। दूरदराज से किसान अपनी फसल लेकर यहां आता है। ऐसे में यहां उनकी सुविधा और सुरक्षा के सभी प्रबंध होने चाहिए। मंडियों में साफ–सफाई, जल निकासी की अच्छी व्यवस्था हो।

प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो। जलभराव की स्थिति न हो। शौचालय एवं पेयजल के पर्याप्त इंतज़ाम रखें। यहां किसानों के लिए विश्राम कक्ष और सस्ते दर वाली कैंटीन की व्यवस्था भी कराई जाए। मंडी परिसर में कहीं भी अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। जिस दुकान का जितना क्षेत्र है, उसका फैलाव उस सीमा के अंदर ही होना चाहिए। इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू कराएं। नव स्थापित प्रसंस्करण इकाई को मंडी शुल्क से छूट देने की व्यवस्था का सरलीकरण किया जाना चाहिए। वर्तमान में इकाई स्थापना के दिनांक से छह माह के भीतर मंडलायुक्त के समक्ष आवेदन करना होता है, जिसे मंडलायुक्त द्वारा रिपोर्ट के लिए जिला मैजिस्ट्रेट को भेजा जाता है। इस व्यवस्था का सरलीकरण करते हुए इकाई द्वारा आवेदन सीधे जिला मैजिस्ट्रेट के समक्ष ही किया जाए और जिला मैजिस्ट्रेट द्वारा अगले 07 दिनों में रिपोर्ट के लिए मंडी समिति को भेज दिया जाए।गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बरीपाल और मुरादाबाद की मंडी समिति में खाद्य तेलों पर यूजर चार्ज लिए जाने की व्यवस्था है। व्यापारियों के हित में इसे समाप्त किया जाना चाहिए। यदि कोई व्यापारी वर्ष भर में मंडी की दुकान से जितने मूल्य के खाद्य तेलों का व्यापार करे, न्यूनतम उतने ही मूल्य के कृषि उत्पाद, जिन पर मण्डी शुल्क या यूजर चार्ज लिया जाता है, का भी व्यापार करे तो उनसे खाद्य तेल पर यूजर चार्ज न लिया जाए। मंडी परिषद एवं मंडी समितियों में विभिन्न विभागीय सम्पत्तियों की नीलामी को शुचितापूर्ण और पारदर्शी बनाने के लिए मैनुअल के स्थान पर ई–ऑक्शन व्यवस्था लागू किया जाए।

मंडी समिति ने कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज (अयोध्या), बांदा एवं कानपुर में छात्रावास तैयार कराया है। वर्तमान में कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज (अयोध्या) एवं बांदा में छात्रावास निर्माणाधीन है। इसी प्रकार, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ, कानपुर, बांदा में एक–एक छात्रावास का निर्माण कराया जाए और कुमारगंज (अयोध्या) में निर्माणाधीन छात्रावास की क्षमता 100 से बढ़ाकर 150 की जाए।

# विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में रक्तदान के लिए लगाया जाए जागरूकता शिविरः राज्यपाल

लखनऊ

**उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में मंगलवार को इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी उप्र. राज्य शाखा की वार्षिक सामान्य बैठक सम्पन्न हुई।**

कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी के लिए सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलाधिकारियों को सम्मानित करते हुए राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि आपदा की स्थिति में रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा प्रभावित गाँवों तक अग्रिम सहायता व आवश्यक राशन सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराना चाहिए, जिससे आपदा पीड़ितों तक ससमय सहायता पहुँच सके। उन्होंने संस्था द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। संस्था द्वारा लगाए जाने वाले शिविरों में ज्यादा से ज्यादा यूनिट रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित कर जागरूकता का प्रसार किया जाए।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों में रक्तदान के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि संस्था द्वारा ऐसे कार्य किये जाए, जिससे किसी समस्या का पूर्ण निदान संभव हो।

आज सम्मानित होने वाले जिलाधिकारियों में जिलाधिकारी पीलीभीत पुलकित खरे, जिलाधिकारी बहराइच दिनेश चंद्र, जिलाधिकारी बुलंदशहर चंद्र प्रकाश सिंह, जिलाधिकारी मेरठ दीपक मीणा के प्रतिनिधि के तौर पर मुख्य विकास अधिकारी मेरठ, जिला अधिकारी वाराणसी कौशल राज शर्मा के प्रतिनिधि के तौर पर डॉक्टर अजय कुमार, जिलाधिकारी गोंडा डॉ. उज्जवल कुमार, जिलाधिकारी आजमगढ़ विशाल भारद्वाज आदि शामिल रहे।

**मुख्यमंत्री योगी के आवास पर हुई बैठक**

# एक सीट पर तीन मंत्रियों को दी गई जिम्मेदारी

**लखनऊ।** यूपी में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर बैठक हुई जिसमें सरकार व संगठन के लोग शामिल हुए। बैठक में एक सीट की जिम्मेदारी तीन मंत्रियों को दी गई हैं। बैठक के बाद बाहर निकले कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई और सभी की जिम्मेदारी तय की गई।

बता दें, लोकसभा चुनाव में सांसद बने 9 विधायकों की सीटों समेत सीसामऊ सीट पर उप चुनाव होना है। सपा विधायक के अयोग्य घोषित होने से सीसामऊ सीट रिक्त हुई है। जिन 9 सीटों पर उप चुनाव होने हैं, उनमें मिल्कीपुर, कटेहरी, फूलपुर, मझवां, गाजियाबाद सदर, मीरापुर, खैर और कुंदरकी शामिल हैं।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने आने वाले उपचुनाव में हार के डर से शिक्षकों की 'डिजिटल अटेंडेंस' और लखनऊ में पंतनगर व इंद्रप्रस्थ के ध्वस्तीकरणृ का फरमान स्थगित किया है। इसे पूरी तरह से निरस्त होना चाहिए।

# लखनऊ नगर निगम का मुख्यालय भवन बनेगा दो सौ करोड़ रुपये में, मंत्री ने रखी आधारशिला

लखनऊ

**उप्र के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मंगलवार को गोमतीनगर स्थित नगर निगम के केन्द्रीय कार्यशाला में नगर निगम, लखनऊ के नवीन मुख्यालय भवन की आधारशिला रखी।**

इस अवसर पर उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं शंख ध्वनि व विधि विधान से पूजा अर्चना कर भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। नगर निगम का यह मुख्यालय भवन 200 करोड़ रूपये की लागत से 18196.4 वर्गमी0 क्षेत्रफल में बनाया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस भवन का निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ 18 महीने में पूर्ण करा लिया जायेगा। यह भवन गोमती नदी के किनारे पेपरमील वार्ड में विधानसभा की तर्ज पर बनाया जायेगा। जैसे लखनऊ शहर को खूबसूरत और भव्य बनाने का प्रयास हो रहा है। इसी प्रकार से नगर निगम मुख्यालय का यह नवीन भवन भी बेहद दिव्य, भव्य और आकर्षक रूप में बनाया जायेगा तथा आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। इस भवन में नगर निगम की सम्पूर्ण कार्यवाहियों सहित विधिवत व्यवस्था की जायेगी, जिससे नगर निगम के कार्यों के संचालन में आसानी होगी।

नगर विकास मंत्री ने नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्थापित कन्ट्रोल रूम कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस कार्यालय से सम्पूर्ण नगर क्षेत्र की साफ–सफाई, स्वच्छता, व्यवस्थापन, बाढ़ पम्पिंग स्टेशनों, शिवरी प्लांट, आरआर कार्यशाला आदि की निगरानी की जायेगी। ए0के0 शर्मा ने नगर निगम अंतर्गत कूड़ा उठाने वाली वाहनों, पम्पिंग स्टेशनों, डीजल पंपसेटों की साइटों पर ईधन भरने के लिए फ्यूअल बाउजर वाहन (ईधन वितरण वाहन) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे मौके पर ही वाहनों और मशीनों को ईधन की आपूर्ति हो सकेगी और कार्यों की गति में किसी भी प्रकार की रूकावट नहीं आयेगी।

ए.के. शर्मा ने एसबीएम कार्यालय में ही नगर निगम के पदाधिकारियों और अधिकारियों के साथ बैठक कर नगर की साफ–सफाई, स्वच्छता, सुशोभन, व्यवस्थापन पर विशेष ध्यान देने को कहा। लखनऊ में कहीं पर भी जल भराव न हो, संचारी रोग न फैलने पाये, नाले और नालियों की सफाई में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, जिससे नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़े।

नड्डा से मिले भूपेंद्र-केशव...

# सरकार व संगठन में दूरी की चर्चाओं पर विराम लगाने को कहा

लखनऊ।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बयान (सरकार से बड़ा संगठन होता है) से पार्टी के अंदरखाने भड़की सियासी आग की आंच दिल्ली तक पहुंच गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को दिल्ली बुलाकर बात की।

सूत्रों की मानें तो दोनों नेताओं को सरकार और संगठन के बीच तलवार खिंचने की चर्चाओं पर तत्काल विराम लगाने को कहा गया है। साथ ही विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उप चुनाव में जुटने को कहा गया है। सूत्रों का कहना है कि पहले केशव और नड्डा के बीच करीब एक घंटे की मुलाकात में पार्टी के नेताओं के बयानों से हो रहे नुकसान पर चर्चा हुई। सूत्रों की माने तो एक सप्ताह पहले भी केशव अमित शाह और नड्डा से मिले थे। इसमें दोनों शीर्ष नेताओं ने पार्टी विधायकों, मंत्रियों और पूर्व मंत्रियों द्वारा नौकरशाही को लेकर दिए जा रहे बयानों से पार्टी को नुकसान होने और बयानबाजी रोकने को कहा था। इस बीच कार्यसमिति की बैठक में केशव के बयान से प्रदेश का सियासी माहौल फिर गरमा गया है। बता दें, एक महीने के दौरान सीएम की मौजूदगी में हुई कैबिनेट व अन्य बैठकों में भी केशव नहीं पहुंचे थे। वे ज्यादातर दिल्ली में ही रहे और उनके शीर्ष नेतृत्व से मिलने की खबरें आती रहीं। इसके बाद से कयासबाजी हो रही है। सोमवार को निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने भी केशव के बयान का समर्थन किया था। इस पर भी हाईकमान नाराज है। केशव के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी नड्डा मिले। नड्डा ने चौधरी से भी सरकार और संगठन के मनमुटाव की चर्चाओं को रोकने को कहा है। सूत्रों के मुताबिक मुरादाबाद में निजी कार्यक्रम के लिए लखनऊ से निकले चौधरी के अचानक दिल्ली पहुंचने को प्रदेश संगठन में बदलाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

### योगी सरकार युवाओं को उच्चशिक्षा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने मंगलवार को विधानसभा समिति सभागार में सहारनपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, बलिया विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किया जाए।

**CHANG OF NAME**

I Tanisha Chauhan D/o Dinesh Chauhan Residence Duplex No.C-85, Sagar Pearl, Hoshangabad Road, Bhopal Pin462026 declared that my previous passport name Was Tanisha and All documents my name is Tanisha Chauhan. I known & Declare that both name are my. 1216

## आपका राशिफल 18 जुलाई

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो अ

महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान–सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक–3–8–9

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक–5–6–7

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा

संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक 6 7 9

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो

व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक–3–7–9

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे

कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक 2 6 9

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक–3–7–9

**तुला** — रा री रू रे रो ता ती तू ते

जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बनते-बनते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक–4–8–9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो या यी यू

मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक 3 5 7

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग–जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक–4–6–7

**मकर** — भो जा जी खी खू खे खो गा गी

शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख–आराम प्रभावित होगा। धर्म–कर्म के प्रति रुचि जाग्रत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक 3 6 8

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा

किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रखें। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक–1–6–8

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें काम में लगे रहें लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक–5–7–8

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री राजेश चौरसिया पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप चौरसिया, निवासी मकान नं. 38, के.एन. प्रधान एस्टेट दाना पानी रेस्टोरेंट के पास बावड़िया कलां भोपाल (म.प्र.) एवं डिंपल कौर पुत्र श्री खडग सिंह आयु वयस्क निवासी म.नं. 159/1, वार्ड नं. 5 ओबेदुल्लागंज जिला रायसेन (म.प्र.) के मध्य एक किता आवासीय भूखण्ड क्रमांक 98 जिसका क्षेत्रफल 1250 वर्गफिट अर्थात 116.17 वर्गमीटर हेवन्स लाईफ जो कि विक्रय किया जा रहा है, जो कि भूमि खसरा क्रमांक 169/2, 170/1, 172/2 रकबा 3.803 एकड़, खसरा क्रमांक 165 रकबा 0.9139 एकड़, खसरा क्रमांक 169/2, रकबा 0.738 एकड़ खसरा क्रमांक 175, 176 एवं 177 रकबा 9.361 एकड़ खसरा क्रमांक 170/2, 172/3, 174/2, 17171 रकबा 0.8892 एकड़ खसरा क्रमांक 174/1, 172/1 रकबा 4.297 एकड़, खसरा क्रमांक 326 रकबा 1.98 एकड़ कुल रकबा 21.98 एकड़ का अंश भाग, स्थित ग्राम बगली पटवारी हल्का नंबर 43/25, विकास खण्ड फंदा, भोपाल नगर निगम सीमा से बाहर तहसील हुजूर जिला भोपाल, मध्यप्रदेश में स्थित है, को मेरे पक्षकार को विक्रय करने के संबंध में सौदा तय हुआ है जिसके संबंध में बयाना राशि 1,01,000/– (एक लाख एक हजार रुपए मात्र) मेरे पक्षकार राजेश चौरसिया द्वारा डिंपल कौर को अदा कर दी गई है। उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार अपने नाम से अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम से उक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्री करायेंगे। यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक एवं संस्था आदि को आपत्ति हो तो ऐसी स्थिति में मेरे कार्यालय में 7 दिवस के भीतर उक्त सौदे के संबंध में आपत्ति दर्ज करायें, अन्यथा 7 दिवस उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। उक्त संबंध में जाहिर सूचना के प्रकाशन करता हूं।

**नीरज तिवारी, (अधिवक्ता)**
कार्या– ई 8/122, रेलवे हाऊसिंग सोसायटी अरेरा कालोनी भोपाल (म.प्र.), मो. 9303131952

1217

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री आसिम अहमद आत्मज स्व. वसीम अन्जुम निवासी म.न. 4/ब्लॉक–ई. 7 इन्द्र विहार कालोनी, भोपाल हालमुकाम पता: मकान नं. 33 फेस–1 रिलायबल हाई–टेक सिटी पीपलनेर गाँधी नगर भोपाल ने एक किता मकान (डुप्लेक्स) स्थित मकान न. 33 फेस–1 रिलायबल हाई–टेक सिटी पीपलनेर गाँधी नगर भोपाल को क्रय करने का अनुबंध श्रीमति सुनीता पुरी पत्नि स्व. राजीव पुरी निवासी मकान नं. 33 फेस–1 रिलायबल हाई–टेक सिटी पीपलनेर गांधी नगर भोपाल से क्रय करने का अनुबंध कर लिया है और बयाना राशि अदा कर दी है। अतः सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित मकान (डुप्लेक्स) पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्थान, सरकारी/ गैर सरकारी हित/ स्वामित्व, वाद/ विवाद हो या लोन, रहन, बंधक हो तो वह सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करवा देवे! समय सीमा में कोई आपत्ति नहीं आती है तो मेरा पक्षकार उक्त मकान की रजिस्ट्री विधिवत् अपने नाम पर करवाने हेतु स्वतंत्र होगा। समय सीमा के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति/दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

**नवेद अख्तर हाशमी, एडवोकेट**
36, चार बत्ती चौराहा, बुधवारा भोपाल मो. 9303105933

1215

### जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती पूजा कुलकर्णी पत्नी श्री नवीन कुलकर्णी, आयु–वयस्क, निवासी– एल.आई.जी. एस–02, प्लाट क्र. 81, प्राजको स्टेर्स, साँची पार्क के पास, त्रिलंगा, भोपाल म. प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं अधिपत्य की एक किता अविकसित एवं अव्यपवर्तित कृषि भूमि जो कि खसरा क्र. 47/1/1, 48 एवं 49 के अंश भाग पर स्थित होकर, ग्राम–महावडिया, पटवारी हल्का क्र. 08 (पुराना पटवारी हल्का क्र. 31) तहसील कोलार (पुरानी तहसील–हुजूर), नगर निगम सीमाओं के बाहर, जिला– भोपाल म.प्र. में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 0.2140 हेक्टेयर अर्थात् 0.529 एकड़ है, जिसको सर्वभार मूल अवस्था में उक्त संपत्ति स्वामी से विक्रय अनुबंध कर मेरे पक्षकार ने प्रतिफल की आंशिक राशि का भुगतान कर दिया है। यदि उक्त कृषि भूमि पर किसी भी अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय आदि का पारिवारिक विवाद, न्यायालयीन विवाद या कोई भी ऋण, भार, बकाया या अन्य आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 10 दिन के अंदर लिखित प्रमाण दस्तावेज सहित मिलें। अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा जिसके पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार एवं उक्त संपत्ति पर बंधनकारक नहीं होगी।

**अंकित तिवारी, अधिवक्ता**
23, सनी पैलेस, जोन–1 एम.पी. नगर भोपाल म.प्र. पिन कोड–462011 मो. 9893499200

1214

### जाहिर सूचना

(एक किता आवासीय भूखण्ड क्रमांक 142 प्रेस इन्क्लेव में खसरा क्र. 11/3 अंश भाग होकर स्थित ग्राम नेवरी राजधानी पत्रकार गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल तहसील हुजूर जिला भोपाल के संबंध में)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती भूमिका गोविन्दानी पत्नी श्री मनोज कुमार गोविन्दानी ने विक्रेता श्री प्रेम कुमार पगारे आत्मज स्व. श्री कृष्ण राव पगारे निवासी एल.आई.जी. 57 कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल के स्वत्व एवं स्वामित्व का एक किता आवासीय भूखण्ड क्रमांक 142 प्रेस इन्क्लेव में खसरा क्र. 11/3 अंश भाग होकर स्थित ग्राम नेवरी, राजधानी पत्रकार गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल, तहसील हुजूर जिला भोपाल में नगर निगम सीमाओं में वार्ड क्र. 75 में निम्नलिखित चतुर्थ सीमाओं के मध्य स्थित है– दिशा पूर्व में 12.00 मीटर चौड़ा रोड, दिशा पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 155 एवं 156, दिशा उत्तर में 12.00 मीटर चौड़ा रोड, दिशा दक्षिण में भूखण्ड क्र. 143 को क्रय करने का सौदा कर उक्त विक्रेता को टोकन राशि अदा कर दी है। उक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्थान, बैंक आदि का कोई देय अथवा बकाया हो या स्वत्व, स्वामित्व आधिपत्य के संबंध में दखल, वाद–विवाद, आपत्ति आदि हो तो वह व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज प्रमाण सहित आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा समयावधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने पक्ष में उपरोक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे ऐसी स्थिति में समयावधि व्यतीत होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और न ही मान्य समझी जावेगी।

**अक्षय नामदेव, (एडवोकेट)**
कार्या. 38 ओम लॉ. एसोसियेट्स, पुरानी विधानसभा के सामने भोपाल म.प्र. मो. 9926400053

1213